धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने ली नर्सिंग होम के संचालकों के साथ बैठक

भिलाई नगर/ धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना से आज हर कोई वाकिफ है अच्छी गुणवत्ता सस्ती कीमत पर इन मेडिकल स्टोर्स में मिल रही है। जन-जन तक इस मेडिकल की दवाइयों का लाभ मिल सके इसके लिए आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नर्सिंग होम के संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और नर्सिंग होम में आने वाले मरीजों/लोगों को धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल योजना के बारे में जानकारी देते हुए 55% छूट के साथ अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां खरीदने के लिए प्रेरित करने कहा। उल्लेखनीय है कि भिलाई में पांच धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित है। जहां 251 प्रकार की ब्रांडेड जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध है इसके साथ ही 27 प्रकार की सर्जिकल आइटम और बड़ी मात्रा में हर्बल प्रोडक्ट भी उपलब्ध है। वर्तमान में भिलाई में मदर्स मार्केट पावर हाउस , शास्त्री मार्केट नंदनी रोड, भगवा चौक कैलाश नगर कुरूद, 18 नंबर रोड नेहरू चौक के समीप कैंप 1 तथा शास्त्री अस्पताल सुपेला में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित है। आज की बैठक में अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन , सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ पीएम सिंह , डॉ सिद्धार्थ, डॉ राहुल गुलाटी, डॉ मनोज सिन्हा, डॉ राजेश देशमुख, डॉक्टर आशीष पाहुजा, डॉ नासिर अहमद सिद्धकी, आशीष याता,डॉ एस.वी. राहुल , डॉ श्याम पटेल एवं डॉआकृति राय तथा सहायक अभियंता तपन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।